कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 21.10.2022

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में

छः दिवसीय कार्यशाला आयोजित

शासकीय डॉ. वा0वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में डीबीटी स्टॉर कॉलेज योजना के अंतर्गत महाविद्यालय की बी.एससी. भाग की समस्त छात्राओं के लिये इन्स्ट्रुमेंनटेशन पर छः दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विशेषज्ञ के रूप में अल्फा सांइटिफिक के श्री दिगंबर सिंग उपस्थित थे।

कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि भारत सरकार के बॉयो टेक्नॉलोजी विभाग द्वारा प्रायोजित स्टार योजना के अंतर्गत स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को शोध–परक प्रायोगिक ज्ञान देने हेतु इन्स्ट्रूमेनटेशन पर कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें उपकरणों के सिद्धांत कार्य प्रणाली एवं रख–रखाव के बारे में विशेषज्ञ द्वारा जानकारी दी जावेगी।

डीबीटी स्टॉर कॉलेज योजना प्रभारी डॉ. सुनीता गुप्ता ने उक्त कार्यशाला के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

उक्त कार्यशाला में विभिन्न प्रयोगिक उपकरणों जैसे पोलारीमीटर, रिफरेक्ट्रोमीटर, स्पेक्ट्रफोटोमीटर, फ्लेम फोटोमीटर, पीएच मीटर, टर्बिडिटी एवं निफेलोमीटर, कंडक्टोमीटर, कोलोरीमीटर के सिद्धांत एवं कार्यप्रणाली को विशेषज्ञ श्री दिगबंर सिंग द्वारा विस्तार से समझाया गया।

कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन डॉ. लता मेश्राम ने किया।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)